

जंगली जानवर चिड़ियाघर कैसे पहुँचते हैं?



मैरी एल्टिंग

चित्र: स्टीफन मार्टिन


Wild Pig
Tiger
Giraffe
Hippopotamus
Monkey
Sloth
Anteater
Alligator
Bear
Lion
Kangaroo
Zebra
Walrus
Antelope


Rabbit
Fox
Snake
Elephant
Orangutan
Rhea
Turtle
Condor
Mountain Lion
Seal
Raccoon
Pangolin
Rhinoceros
Camel

जंगली जानवर चिड़ियाघर कैसे पहुँचते हैं?



मैरी एल्टिंग

चित्र: स्टीफन मार्टिन



चिड़ियाघर जाएं!

वहां आप जंगली जानवरों को देख सकेंगे.

वहां आप जंगली सुअर देख सकेंगे.

वहां आप जंगली बाघ देख सकेंगे.

ज़रा जंगली पक्षियों को देखें.

वे सब जानवर कहाँ से आए?

वे चिड़ियाघर तक कैसे पहुँचे?





जानवर चिड़ियाघर आने से पहले

कहाँ रहते थे?

वे बहुत दूर रहते थे.

पहाड़ियों में.



पानी में.

घास में.

पेड़ों में.






जंगली जानवर चिड़ियाघर कैसे पहुँचते हैं?

चिड़ियाघर के लोग

उन्हें ढूँढ़ने जाते हैं.

चिड़ियाघर के लोग उन्हें पकड़ते हैं

और फिर उन्हें वापस लाते हैं.



ये जंगली जानवर तेज़ दौड़ते हैं.

चिड़ियाघर के आदमी

उन्हें कैसे पकड़ सकते हैं?

इस तरह –





यह जानवर बहुत तेज़ दौड़ सकता है.

लेकिन चिड़ियाघर के लोग

उसे भी पकड़ सकते हैं.

कैसे?

इस तरह —



रस्सी ऊपर जाती है.

फिर रस्सी नीचे आती है.



चिड़ियाघर वाले लोग रस्सी से

कई जानवरों को पकड़ सकते हैं.


इस तरह –



और इस तरह –



इस तरह –



और इस तरह –





यह जानवर काट सकता है.

वह रस्सी को काट सकता है.

वह आदमी को भी काट सकता है.

उसे पकड़ने का ठीक समय तब होगा

जब वह सो रहा हो.

वह ठंडे दिनों में

कीचड़ में सोता है.



चिड़ियाघर के लोग

उसे ठंडे दिन में कैसे पकड़ेंगे?



इस तरह –



आप रस्सी से बंदर को नहीं पकड़ सकते.


बंदर बहुत तेज़ी से

पेड़ों पर बहुत ऊंचे चढ़ता है.

फिर चिड़ियाघर के लोग क्या करते हैं?

वे बंदर को एक पिंजरे में

इस तरह पकड़ते हैं –



पिंजरा एक तरह का जाल होता है.

लोग जाल में खाना डालते हैं.

खुशबू! खुशबू!

बंदर उस खाने को पाना चाहता है.




बंदर खाने को खींचता है.

लेकिन वो खाना एक डोरी से जुड़ा है.

वो डोरी एक हुक को खींचती है.

धम्म!

अब बंदर बाहर नहीं निकल सकता.



चिड़ियाघर के लोग जाल में भालू को


भी पकड़ सकते हैं.

उनके पास भालू पकड़ने के लिए

एक बड़ा गोल जाल होता है.

वो बहुत बड़ा है इसलिए उन्हें उसे

पहाड़ियों के ऊपर खींचना होगा.



लोग जाल में खाना डालते हैं.

खुशबू! खुशबू!

भालू उस खाने को पाना चाहता है.

वह खाने को खींचता है.

लेकिन खाना, एक डोरी से जुड़ा है.

वो डोरी एक हुक को खींचती है.

धम्म!


फिर भालू बाहर नहीं निकल सकता.

चिड़ियाघर के लोग कई जानवरों को


खाने का लालच देकर

बॉक्स ट्रैप में पकड़ते हैं.

इस तरह —



पहाड़ी शेर



खरगोश


और इस तरह —

और इस तरह —



लोमड़ी

और इस तरह —



रैकून



चिड़ियाघर के लोग बाघिन को भी

खाने का लालच दिखाकर पकड़ते हैं,

लेकिन वो उसे बॉक्स ट्रैप में नहीं पकड़ते.


चिड़ियाघर के लोग बाघिन को कैसे पकड़ते हैं?

सबसे पहले, वे एक गहरा गड्ढा खोदते हैं.

फिर वे उस गड्ढे में खाना डालते हैं.

वे गड्ढे के चारों ओर एक दीवार बनाते हैं.

फिर बाघिन क्या करती है?





बाघिन को खाना चाहिए.

लेकिन वह गड्ढे को देख नहीं पाती.

वह दीवार फांदकर कूद जाती है –

सीधे गड्ढे में!

और फिर वह बाहर नहीं निकल पाती है.

चिड़ियाघर के लोग बाघिन को

गड्ढे से बाहर कैसे निकालते हैं?


उसके लिए वे यह करते हैं.

वे दीवार में एक दरवाज़ा बनाते हैं.

फिर वे वहाँ एक पिंजरा लगाते हैं.

दरवाज़ा पिंजरे में खुलता है.

फिर वे ऐसा करते हैं–



उसके बाद बाघिन

सीधे पिंजरे में चढ़ जाती है.

इस जानवर को पकड़ना आसान है.

उसे नमक बहुत पसंद है.


इसलिए चिड़ियाघर के लोग

उसे नमक से पकड़ते हैं.

वे एक गड्ढा खोदते हैं.

वे गड्ढे के ऊपर घास डालते हैं.

फिर घास पर नमक डालते हैं.





जानवर नमक चाहता है.

वह नमक को इतना चाहता है

कि वह देखता ही नहीं

की वो किधर जा रहा है.



उसे बाहर निकालने
के लिए एक ट्रक
की ज़रूरत पड़ती है.



यह पक्षी बड़ा है.

वह इतना बड़ा है कि उसे

हवाई जहाज़ जैसे टेक-ऑफ़ करना पड़ता है.

उड़ने से पहले उसे दौड़ना पड़ता है.

चिड़ियाघर के लोग उसे कैसे पकड़ते हैं?

पहले वे एक गड्ढा खोदते हैं.

फिर वे गड्ढे में खाना डालते हैं.



चिड़िया नीचे आती है

वो खाना लेने गड्ढे में जाती है.

लेकिन अब वह उड़कर बाहर नहीं जा सकती.

गड्ढा बहुत छोटा है.

वह दौड़कर उड़ नहीं सकती.

फिर चिड़ियाघर के लोग गड्ढे में कूदते हैं

और चिड़िया को जाल में फँसा लेते हैं.



साँपों के बारे में क्या?

कुछ साँप, इंसान की जान ले सकते हैं.

चिड़ियाघर के लोग उन्हें

इस तरह पकड़ते हैं—




और इस तरह —



यह साँप पकड़ना सुरक्षित है,

लेकिन उसे पकड़ने

और पिंजरे में डालने के लिए



कई लोगों की ज़रूरत होती है.



यह जानवर पेड़ों पर बहुत ऊपर रहता है.

क्या लोग उसे पकड़ने के लिए ऊपर जाते हैं?

नहीं. क्योंकि वह अगले पेड़ पर कूद सकता है.

क्या वे उसे रस्सी से पकड़ते हैं?

नहीं. वह जानवर बहुत तेज़ और बहुत दूर कूदता है.



चिड़ियाघर के लोगों को उसे चौंकाना होगा.

वे लोग उस पेड़ की तलाश करते हैं


जहाँ वह जानवर सोता है.

फिर वे लोग ऐसा करते हैं.




अब वो जानवर अगले पेड़ पर

नहीं कूद सकेगा.



वह भागने की कोशिश नहीं करता है.

इसलिए अब उसे जाल में पकड़ना आसान होगा.





चिड़ियाघर के लोग समुद्री शेरों को भी

जाल में पकड़ते हैं.


वे जाल को पानी में डाल देते हैं.

फिर वे लोग बैठकर इंतज़ार करते हैं.

वे तब तक इंतज़ार करते हैं

जब तक कोई समुद्री शेर

तैरकर जाल में नहीं आए.



फिर वे उसे इस तरह बाहर
निकालते हैं—



ये बड़े पक्षी उड़ नहीं सकते.

लेकिन वे तेज़ दौड़ सकते हैं.

और वे बहुत ज़ोर की

लात मार सकते हैं!

चिड़ियाघर के लोग उन्हें कैसे पकड़ेंगे?

इससे—







वे गेंदें पक्षी के पैरों के चारों ओर घूमती हैं.

अब चिड़ियाघर के लोग पक्षी को पिंजरे में बंद कर सकते हैं.

जंगली हाथियों को पकड़ने के लिए कई लोगों की ज़रूरत होती है.

पहले आदमी ये करते हैं—






वे हाथियों को भागते हैं.

वे उन्हें एक बाड़ में फंसाते हैं.

चिड़ियाघर के आदमी हाथियों को उस बाड़
में से कैसे बाहर निकालते हैं?

इस तरह –



आदमी बाड़ के अंदर सवारी करते हैं.

वे पालतू हाथियों पर सवार होते हैं

जो जंगली नहीं हैं.

फिर वे जंगली हाथियों को

रस्सियों से पकड़ते हैं

और उन्हें बाड़ के बाहर ले जाते हैं.


अगर कोई आदमी

इस जानवर के पास जाता है,

तो वह ऐसा कर सकता है—



चिड़ियाघर ले लोग उसे कैसे पकड़ेंगे?



यह आसान है.

चिड़ियाघर का आदमी ज़ोर से चिल्लाता है, "बू!"

उससे वो जानवर लुढ़ककर एक गेंद बन जाता है.

फिर चिड़ियाघर का आदमी उसे उठाकर

एक पिंजरे में डाल देता है.




वो चिड़ियाघर का आदमी क्या कर रहा है?

वह पेड़ पर क्या लगा रहा है?

वह कुछ पक्षियों को पकड़ने जा रहा है

उन पक्षियों को इस पेड़ पर बैठना पसंद है.



वह पेड़ पर गोंद जैसी कोई चीज़ लगाता है.

फिर पक्षी उस गोंद से चिपक जाते हैं.

अब वे पेड़ से दूर नहीं जा सकते.

चिड़ियाघर वाले उन्हें आसानी से पकड़ सकते हैं

और फिर पिंजरे में डाल सकते हैं.



कभी-कभी चिड़ियाघर के लोग


चिड़ियाघर के लिए जितने जानवर चाहते हैं

उतने जानवर नहीं पकड़ पाते हैं.

अब उन्हें वापिस जाना है,

लेकिन उनके पिंजरे अभी भी भरे नहीं हैं.

अब वो क्या करेंगे?



तब चिड़ियाघर वाले, अन्य लोगों से कहते हैं,

"क्या तुम मेरे लिए कोई जानवर पकड़ सकते हो?

"क्या तुम ला सकते हो?

"क्या तुम ला सकते हो?

"या तुम?"

देखें, लोग क्या-क्या लेकर आते हैं!




फिर चिड़ियाघर के लोग


जानवरों को

वापस चिड़ियाघर ले जाते हैं.


कुछ जानवर जहाज़ में सवार होते हैं.

कुछ हवाई जहाज़ में सवार होते हैं.





कुछ रेलगाड़ी में सफर करते हैं.



जब आप चिड़ियाघर जाते हैं,

तो आप देख सकते हैं कि जानवर कैसे खाते हैं.

आप देख सकते हैं कि वे कैसे सोते हैं.


आप देख सकते हैं कि वे कैसे दिखते हैं.

और अब आप यह भी जानते हैं

कि वे जानवर चिड़ियाघर तक कैसे पहुँचे!




Wild Pig
Tiger
Giraffe
Hippopotamus
Monkey
Sloth
Anteater
Alligator
Bear
Lion
Kangaroo
Zebra
Walrus
Antelope


Rabbit
Fox
Snake
Elephant
Orangutan
Rhea
Turtle
Condor
Mountain Lion
Seal
Raccoon
Pangolin
Rhinoceros
Camel